

## मिस्ट्री बोलर वरुण चक्रवर्ती को मिला टीम इंडिया में मौका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में कोलकाता नाइटराइडर्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन करने के कारण ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भारत की टी20 में चुने गए मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने इसे स्वप्निल अहसास करार दिया। इस 29 वर्षीय खिलाड़ी ने 2018 के बाद अपनी स्पिन को गंभीरता से लेना शुरू किया। उन्होंने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय टीम में चयन की उम्मीद नहीं थी। वरुण ने केवल 12 टी20 खेले हैं और अब तक केवल एक प्रथम श्रेणी मैच में भाग लिया है। चक्रवर्ती ने किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मैच के बाद बीसीसीआई डॉट टीवी से कहा, 'मैच के बाद मुझे इसके (भारतीय टीम में चयन) बारे में पता चला। मैं लगातार उसी शब्द का इस्तेमाल करूंगा कि यह स्वप्निल अहसास है।' उन्होंने कहा, 'मेरा लक्ष्य टीम की तरफ से नियमित तौर पर खेलना, अच्छा प्रदर्शन करना और जीत में योगदान देना है। उम्मीद है कि भारत की तरफ से भी मैं यह करने में सफल रहूंगा। मैं सोशल मीडिया पर सक्रिय नहीं हूं और मैं चयनकर्ताओं का आभार व्यक्त करता हूं कि उन्होंने मुझ पर भरोसा दिखाया। मेरे पास वास्तव इसे बयां करने के लिये शब्द नहीं हैं।'

### बताया- कैसे मिली जानकारी

चक्रवर्ती ने कहा, 'मैंने 2018 में स्पिन गेंदबाजी शुरू की थी और तब मुझे टीएनपीएल (तमिलनाडु प्रीमियर लीग) में चुना गया। पिछला वर्ष उतार चढ़ाव वाला रहा। मुझे अधिक मौके नहीं मिले और मैं चोटिल भी हो गया। ईश्वर की कृपा है कि मैं इस वर्ष वापसी करने में सफल रहा।'

# क्रिकेट प्रेमी रोहित की फिटनेस के बारे में जानने के हकदार

**क्रिकेट**

### गावसकर ने हैमस्ट्रिंग की चोट की स्थिति को लेकर अधिक पारदर्शिता दिखाने की अपील की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दुबई। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावसकर ने सीमित ओवरों की टीम के उप कप्तान रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग की चोट की स्थिति को लेकर अधिक पारदर्शिता दिखाने की अपील की क्योंकि ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए टीम में नहीं चुने जाने के कुछ घंटे बाद ही उन्हें मुंबई इंडियंस की नेट्स पर अभ्यास करते हुए देखा गया। भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने रोहित की फिटनेस के बारे में विस्तार से नहीं बताया तथा सोमवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तीनों टीम की घोषणा करते हुए कहा कि वे उनकी प्रगति पर निगरानी रखी जा रही है। उसी दिन रोहित को मुंबई इंडियंस की नेट्स पर अभ्यास करते हुए देखा गया।

गावसकर ने किंग्स इलेवन पंजाब और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच शारजाह में मैच के दौरान आईपीएल प्रसारक स्टार स्पोर्ट्स



से कहा, 'हम टेस्ट मैचों की बात कर रहे हैं जो डेढ़ महीने बाद होंगे। असल में उनके साथ क्या समस्या है, इससे सभी को समझने में मदद मिलेगी। और अगर वह मुंबई इंडियंस के लिए नेट्स पर अभ्यास कर रहे हैं तो ईमानदारी से कहूं तो मैं नहीं जानता कि उनकी चोट किस तरह की है।' उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि उसके साथ समस्या क्या है इसको लेकर थोड़ी पारदर्शिता, थोड़ा खुलापन अपनाने से हर किसी को समझने में मदद मिलेगी।'

ऑस्ट्रेलियाई दौर में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय, तीन वनडे और चार टेस्ट मैच खेले जाएंगे। सीरीज 27 नवंबर से शुरू होगी। सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल भी चोट के कारण किंग्स इलेवन पंजाब के पिछले दो मैचों में नहीं खेले थे लेकिन उन्हें दौरे के लिए भारतीय टीम में रखा गया है।

गावसकर ने कहा, 'भारतीय क्रिकेट प्रशंसक इस बारे में अधिक जानने के हकदार है। मैं फ्रेंचाइजी को जितना जानता हूं वे अपना राज नहीं खोलना चाहती हैं। वे विरोधी टीम को मनोवैज्ञानिक लाभ नहीं देना चाहती हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन हम यहां पर भारतीय टीम के बारे में बात कर रहे हैं। यहां तक कि मयंक अग्रवाल उदाहरण है। एक भारतीय क्रिकेट प्रेमी जानना चाहता है कि इन दो प्रमुख खिलाड़ियों के साथ क्या समस्या है।'

# सूर्यकुमार यादव को टीम में शामिल न करने पर भड़के हरभजन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने सोमवार को ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टेस्ट, वनडे और टी20 सीरीज के लिए टीम की घोषणा की। रोहित शर्मा को चोट की वजह से शामिल न करने की बहुत चर्चा हुई, वहीं ऋषभ पंत को भी सिर्फ टेस्ट टीम में ही जगह दी गई है। एक अन्य खिलाड़ी जिन्हें जगह नहीं दी गई है वह हैं मुंबई इंडियंस के सूर्यकुमार यादव।



दिग्गज ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह सिलेक्टर्स के इस फैसले से नाराज नजर आए। उन्होंने ट्विटर पर अपनी गुस्सा जाहिर किया। हरभजन सिंह ने टीम इंडिया के सिलेक्टर्स से सूर्यकुमार यादव के रेकॉर्ड देखने की गुजारिश की और कहा कि सिलेक्शन के दौरान अलग लोगों के लिए अलग मापदंड अपनाए जाते हैं।

हरभजन सिंह ने ट्वीट किया, मुझे समझ नहीं आता कि टीम इंडिया में सिलेक्शन के लिए सूर्यकुमार यादव को और क्या करने की जरूरत है। वह हर आईपीएल और रणजी सीजन में प्रदर्शन कर रहे हैं। मुझे लगता है कि अलग लोगों के लिए अलग नियम अपनाए जाते हैं।

बीसीसीआई में सभी सिलेक्टर्स से अनुरोध करता हूं कि उसके रेकॉर्ड देख लें। सूर्यकुमार यादव मुंबई इंडियंस के लिए अच्छा प्रदर्शन करते आए हैं। उन्होंने इस सीजन में 11 मैचों में 283 रन बनाए हैं और उनका औसत 31.44 का है। यादव ने दो हाफ सेंचुरी लगाई हैं।

## टीम में नहीं चोटिल रोहित, एमआई ने पोस्ट किया प्रैक्टिस करता हुआ वीडियो

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। सोमवार को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए तीनों प्रारूपों की भारतीय टीम का ऐलान कर दिया। सीमित ओवरों के प्रारूप में रोहित शर्मा का नाम शामिल नहीं था। रोहित को चोट की वजह से बाहर रखे जाने की बात कही गई। हालांकि मुंबई इंडियंस ने रोहित शर्मा का एक वीडियो पोस्ट किया है जिसमें वह प्रैक्टिस करते हुए नजर आ रहे हैं। इसमें रोहित बड़े-बड़े शॉट खेल रहे हैं।

सोमवार को जब ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए टीम में रोहित का नाम नहीं था तब लोगों को हैरानी हुई। रोहित शर्मा की जगह केएल राहुल को सीमित ओवरों में उपकप्तान बनाया गया है। शर्मा को किंग्स इलेवन पंजाब के खिलाफ मुकाबले में चोट लगी थी। यह मैच दूसरे सुपर ओवर में गया था। शर्मा ने पहले सुपर ओवर में बल्लेबाजी की थी लेकिन मोहम्मद शमी के खिलाफ ओवर में वह और क्विंटन डि कॉक 6 रन नहीं बना पाए थे। पांचवीं गेंद पर एक तेज रन लेने के प्रयास हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी। वह दूसरे सुपर ओवर में मैदान पर नहीं उतरे और कायरन पोलार्ड ने मोर्चा संभाला और तब से वही मुंबई इंडियंस के कप्तान हैं।

## न्यूज डायरी



### हमें उम्मीद है कि धोनी अगले सीजन में भी हमारे कप्तान होंगे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** चेन्नै। चेन्नै सुपर किंग्स का आईपीएल में रेकॉर्ड बहुत अच्छा रहा है। टीम ने जब भी इस लीग में भाग लिया वह प्लेऑफ तक जरूर पहुंची। लेकिन इस बाहर हालात अलग रहे। पहली बार चेन्नै अंतिम चार का हिस्सा नहीं होगी। रविवार को राजस्थान रॉयल्स ने जैसे ही मुंबई इंडियंस को हराया अंतिम चार में पहुंचने की धोनी आर्मी की उम्मीदें खत्म हो गईं। इस सीजन में चेन्नै अपने रंग में नजर नहीं आई। टीम टेबल में सबसे निचले पायदान पर रही। टीम के सीनियर साथी उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाए। खुद कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का बल्ला भी शांत रहा। धोनी ने 12 मैचों ने 199 रन ही बनाए। उनका स्ट्राइक रेट 118.45 का रहा। हालांकि आईपीएल का अगला सीजन सिर्फ 6 महीने दूर है। ध ोनी अभी 39 साल के हैं और उनके भविष्य को लेकर तमाम सवाल उठ रहे हैं। पूर्व भारतीय कप्तान, बेशक ने अभी तक अपने पत्ते नहीं खोले हैं लेकिन चेन्नै के सीईओ काशी विश्वनाथन ने कहा है कि धोनी 2021 में भी टीम के कप्तान होंगे।

### पूरी टीम ने सकारात्मक क्रिकेट खेलने का फैसला कियाः राहुल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। आईपीएल-13 में लगातार पांचवीं जीत हासिल करने के बाद किंग्स इलेवन पंजाब के कप्तान केएल राहुल ने कहा है कि उनकी टीम ने मैदान पर सकारात्मक क्रिकेट खेलने की कोशिश की है और टीम की जीत से वह काफी खुश हैं। पंजाब ने कोलकाता को आठ विकेट से हरा दिया। कोलकाता ने 20 ओवरों में नौ विकेट खोकर 149 रन बनाए। पंजाब ने दो विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच के बाद राहुल ने कहा, 'मैं काफी खुश हूं। पूरी टीम भी होगी। हमने मिलकर फैसला किया था कि हम वहां जाकर सकारात्मक क्रिकेट खेलेंगे। चीजें बदल सकती हैं। सारी चीजें अच्छी हो रही हैं इस बात से खुश हूं। उम्मीद है कि हम आने वाले मैचों में भी जीत हासिल करेंगे।' पंजाब की इस जीत में मनदीप सिंह ने नाबाद 60 रन बनाए। मनदीप ने कुछ दिन पहले ही अपने पिता को खोया है। राहुल ने मनदीप के बारे में कहा, मनदीप ने जो मजबूती दिखाई है वो बेहतरीन है। हर कोई भावुक था। हम उनका साथ देना चाहते थे, उनके साथ रहना चाहते थे।

### टेस्ट मैच के पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाले इकलौते गेंदबाज हैं इरफान पठान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ऑलराउंडर इरफान पठान आज 36 साल के हो गए हैं। 27 अक्टूबर 1984 को गुजरात के बड़ौदा में जन्मा बाएं हाथ का यह क्रिकेटर टेस्ट मैच के पहले ओवर में हैट्रिक लेने वाला इकलौते गेंदबाज हैं। उन्होंने यह करनामा साल 2006 में पाकिस्तान दौरे पर किया था। दौरे पर भारत और पाकिस्तान के बीच तीन टेस्ट मैच की सीरीज खेली गई। आखिरी टेस्ट मैच कराची में हुआ। इस मैच के पहले ही ओवर में पठान ने हैट्रिक लेकर कोहराम मचा दिया। ओवर की पहली तीन गेंद पर कोई रन नहीं बना। फिर चौथी गेंद पर सलमान बट,पांचवीं गेंद पर यूनुस खान और छठी गेंद पर मोहम्मद युसुफ आउट हुए। पठान ने इस मैच में छह विकेट लिए।

### 41 साल के गेल ने रिटायरमेंट को लेकर कही बड़ी बात

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** शारजाह। क्रिस गेल को अंतिम ग्यारह में शामिल करने से तो जैसे किंग्स इलेवन की किस्मत ही पलट गई। पंजाब को पिछले पांच मैचों में लगातार जीत मिली है और इस लीग में लगातार 5 मैच जीतने वाली मुंबई के बाद पंजाब दूसरी टीम बन गई है। इसमें क्रिस गेल की तूफानी पारी का बड़ा जबरदस्त योगदान रहा। इस जीत के बाद मनदीप सिंह ने क्रिस गेल के साथ बातचीत की और इस दौरान गेल ने कहा कि, वो क्रिकेट से रिटायरमेंट नहीं लेने जा रहे हैं। इस चौट के दौरान मनदीप सिंह ने कहा कि, क्रिस गेल आपको कभी रिटायर नहीं होना चाहिए तो इसका जवाब देते हुए 41 साल के गेल ने कहा कि, कैंसल रिटायरमेंटश और मेरा रिटायरमेंट जल्दी नहीं आएगा।